एक बार की बात है, एक गहरे कुएँ की तली में एक नन्हा मेंढक रहता था। नन्हे मेंढक के पास प्यास लगने पर पीने के लिए पानी था, और भूख लगने पर खाने के लिए कीड़े थे। जब वह थकता था, तो वह अपनी पीठ पर लेटकर आसमान में देख सकता था, जो कुएँ के मुँह के बहुत ऊपर था।

नन्हे मेंढक ने कुएँ के बाहर ज़िन्दगी का एक भी पल नहीं बिताया था। फिर भी वह अपनी ज़िन्दगी से ख़ुश था, सिर्फ एक चीज़ को छोड़कर। वह अकेला था और किसी के साथ खेलना चाहता था। जब भी कोई जानवर कुएँ पर पानी पीने आता था, तो नन्हा मेंढक कुएँ के ऊपर तक आवाज़ लगाता था, "हेल्लो! क्या तुम नीचे आकर मेरे साथ खेलना पसंद करोगे? मेरे पास भोजन और पानी है, और रहने के लिए अच्छी जगह है। इससे ज़्यादा अच्छा कुछ नहीं हो सकता।

लेकिन बाकी जानवर कहते थे, "शुक्रिया, नन्हे मेंढक। लेकिन हम यहाँ बाहर बहुत ख़ुश हैं। "कुएँ की तुलना में, यहाँ दुनिया ज़्यादा बड़ी है और ज़्यादा अच्छी है।" लेकिन, नन्हा मेंढक कहता, "इससे और बेहतर कुछ नहीं हो सकता!"

पक्षी नीचे कुएँ में पानी पीने आते थे और नन्हा मेंढक उन्हें खेलने के लिए पूछता था। "तुम्हें बाहर आकर हमारे साथ खेलना चाहिए," पक्षी उसे कहते। "कुएँ की तुलना में, वहाँ दुनिया ज़्यादा बड़ी है और ज़्यादा अच्छी है।" लेकिन, नन्हा मेंढक उनका विश्वास नहीं करता था। "मेरे घर से ज़्यादा अच्छा कुछ नहीं हो सकता," नन्हा मेंढक कहता।

"जब नन्हा मेंढक बार–बार वही बात बोलता रहता, तो ज़्यादातर पक्षी और जानवर उससे बात करना बंद कर देते। नन्हा मेंढक इसका कारण नहीं समझ पाता। लेकिन, मुख्य रूप से वह यह नहीं समझ पाता कि कोई क्यों आकर वहाँ नहीं रहना चाहता जहाँ वह रहता है। एक दिन, एक छोटी चिड़िया कुएँ पर फिर से पानी पीने के लिए आई। चिड़िया ने नन्हे मेंढक को उसके साथ बाहर उड़ने और बड़ी दुनिया देखने के लिए कहा। "कुएँ की तुलना में, वहाँ दुनिया ज़्यादा बड़ी है और ज़्यादा अच्छी है।"

नन्हा मेंढक बोला, "तुम मुझसे झूठ क्यों बोल रही हो? जहाँ मैं रहता हूँ उससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता!" चिड़िया को गुस्सा आ गया और वह उड़ गई। फिर भी, चिड़िया बार–बार कुएँ पर पानी पीने के लिए आती रही। हर बार नन्हा मेंढक चिड़िया को रुकने और अपने साथ खेलने के लिए आमंत्रित करता। हर बार, चिड़िया नन्हे मेंढक को कुएँ के बाहर की बड़ी दुनिया के बारे में बताती। हर बार, चिड़िया उड़ जाती।

फिर एक दिन, चिड़िया कुएँ में आई। लेकिन, बात करने के बजाय, चिड़िया ने नन्हे मेंढक को उठा लिया और उसे लेकर वापस बाहर उड़ गई। शुरू में, नन्हे मेंढक को बहुत हल्का–सा दिखा क्योंकि बाहर बहुत चमकदार धूप थी। फिर, उसने अपनी आँखें खोलीं और आसमान की ऊँचाई से अपने आसपास की दुनिया देखी।

नन्हा मेंढक यह देखकर आश्चर्यचकित रह गया कि उसकी धारणा की तुलना में बाहर की दुनिया कितनी बड़ी है। नन्हे मेंढक को अहसास हुआ कि उसका कुआँ कितना छोटा है। "शुक्रिया, चिड़िया। जो तुमने मुझे दिखाया है, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूँ। तुम्हारा विश्वास न करने के लिए, मैं माफ़ी माँगता हूँ। कृपया मुझे यहाँ नीचे उतार दो," उसने कहा।

चिड़िया ने नन्हे मेंढक को एक बड़े, सुन्दर तालाब के पास उतर दिया और कहा, "मैं तुम्हें तुम्हारी मंज़ूरी के बगैर तुम्हारे घर से निकालने के लिए माफ़ी चाहती हूँ। अगर तुम चाहो, तो मैं तुम्हें वापस ले जा सकती हूँ।" बिना जवाब दिए, नन्हा मेंढक घास में कूद गया और उसने बहुत सारे खूबसूरत रंग–बिरंगे फूल देखे। उसने कभी इतने खूबसूरत फूल नहीं देखे थे और कभी इतनी अच्छी ख़ुशबू नहीं सूँघी थी। बाहर की दुनिया इतनी बड़ी है, इतनी आश्चर्यजनक है, और खूबसूरत है!" नन्हा मेंढक आखिरकार ख़ुशी से चिल्लाया और तालाब में कूद गया।

चिड़िया बाद में वापस आई और बोली, "नन्हे मेंढक! तुम्हें अपनी कुएँ के बाहर की दुनिया कैसी लग रही है?" नन्हा मेंढक बोला, "बहुत बड़ी और खूबसूरत! बहुत–बहुत धन्यवाद। अगर तुम मुझे दुनिया दिखाने के लिए बाहर नहीं लातीं, तो मुझे कभी पता न चलता कि मेरे कुएँ के बाहर इतनी खूबसूरत चीज़ें मौजूद हैं।" नन्हे मेंढक ने कभी अपने पुराने कुएँ में जाने की कोशिश नहीं की।